


नवम्बर–2019

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

अन्दर के पृष्ठों पर...

➡ उपलब्धियाँ

➡ सराहनीय कार्य

➡ उल्लेखनीय कार्य

➡ कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध

● एकीकृत आपात सेवा 112 एवं वरिष्ठ नागरिक सेवा पहल "सवेरा" का शुभारम्भः दिनांक 26.10.2019: मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र. योगी आदित्यनाथ ने एकीकृत राष्ट्रव्यापी आपात सेवा 112 एवं वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा पहल 'सवेरा' का शुभारम्भ किया। श्री असीम अरुण, एडीजी 112, ने 112 आपात सेवा की उन्नत तकनीक, बेहतर प्रक्रिया एवं संयुक्त कार्यवाही की जानकारी तथा सेवा 112 के ऐतिहासिक एवं भारत में प्रचलित करने हेतु विभिन्न संस्तुतियों को प्रस्तुतीकरण द्वारा बताया। मा. मुख्य मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य हेतु पीआरवी कमाण्डर/सब–कमाण्डर/सम्प्रेषण अधिकारी/संवाद अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

'सवेरा' हेतु 100 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों ने पंजीकरण कराया। आस्था हॉस्पिटल के डॉ. अभिषेक शुक्ल व डॉ. वी.के. कपूर ने कैम्प में रक्त, ईसीजी, बीएमडी, रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जाँच की। डॉ. इन्दु सुभाष और उनकी संस्था गोल्डन ऐज हेल्पलाइन ने 112 के साथ कार्य करने पर सहमति दी।







● श्रद्धाँजलिः दिनांक 21.10.2019 : पुलिस लाइन, लखनऊ में शहीद पुलिसजनों को श्रद्धाँजलि अर्पण हेतु आयोजित "स्मृति दिवस परेड" में श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने परेड का मान–प्रणाम ग्रहण किया। मुख्य अतिथि, मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., योगी आदित्यनाथ ने परेड की सलामी ली। तत्पश्चात् शहीद पुस्तिका सादरपूर्वक सलामी मंच पर रखी गयी। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने देशभर में 01 सितम्बर 2018 से 31 अगस्त 2019 तक शहीद हुए 292 पुलिसजनों के बारे में जानकारी दी। उ.प्र. के शहीद 5 पुलिसजनों के नाम पढ़े गये। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने वीर पुलिसजनों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया तथा "स्मृति दिवस परेड" की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि अर्थात, 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के जनहीन क्षेत्र में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवानों द्वारा शत्रु सेना से मातृभूमि की रक्षा करते हुए उनके बलिदान को याद किया।







शहीद पुस्तिका को शहीद स्मारक स्थल पर रखा गया तथा मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., मा. मंत्रीगण, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. एवं वरिष्ठ पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों तथा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धानवत पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन् किया। परेड ने शहीदों को सलामी दी तथा शोक प्रदर्शित किया। मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र. ने पुलिस द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की। मा. मुख्य मंत्री ने शहीद पुलिसजनों की पत्नियों/आश्रितों को एक–एक उपहार एवं 25–25 हजार रुपये नकद प्रदान किये। परेड में पीएसी, नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, एटीएस एवं एसडीआरएफ की कुल 12 टुकड़ियाँ सम्मिलित हुईं।









नवम्बर-2019 www.uppolice.gov.in
न्यूज़ लेटर
मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

## सम्मान

### Financial Inclusion & Literacy Leadership Award-2019

• दिनांक 20.10.2019 : जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट में एवोक इण्डिया द्वारा 2nd India Financial Literacy Conclave 2019 में श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. को लखनऊ मैनेजमेन्ट



एसोसिएशन के अध्यक्ष, पूर्व मुख्य सचिव, उ.प्र. श्री अनूप चन्द्र पाण्डेय ने Financial Inclusion & Literacy Leadership Award-2019 से सम्मानित किया।

## स्टाफ का कल्याण

• दिनांक 24.10.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय पर सब्सिडियरी पुलिस कैन्टीन का उद्घाटन किया। जनपदों में 32 सब्सिडियरी कैन्टीन स्थापित हैं।



## सराहनीय कार्य

• दिनांक 26.10.2019 : बलिया में 3 अभियुक्त मय रु. 1,76,000.00 के जाली नोट व आग्नेयास्त्र गिरफ्तार।

• दिनांक 21.10.2019 : कौशाम्बी में 3 लुटेरे गिरफ्तार, रु. 7 लाख का सामान, 1 पिकप वाहन, टाटा सफारी, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

• दिनांक 20.10.2019 : महोबा में 2 अभियुक्त गिरफ्तार, लगभग रु. 14 लाख का चोरी का सोना, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

• दिनांक 19.10.2019 : गाज़ियाबाद से 4 लुटेरे गिरफ्तार, लूट के 32 मोबाइल फोन व लूट में प्रयुक्त 2 मोटर साइकिलें, आग्नेयास्त्र, बरामद।

• दिनांक 17.10.2019 : विभिन्न बैंकों से, फर्जी नाम पते की आईडी बनाकर करोड़ों का लोन लेकर फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, फर्जी कम्पनी चलाने वाले 3 सरगना गिरफ्तार, क्रेडिट/डेबिट कार्ड–127, पैन कार्ड– 68, आधार कार्ड–48, मोबाईल फोन–23, फर्जी मोहर बैंक/कम्पनियाँ–10, कार की आरसी, चैक बुक– 127, बैंक पास बुक–14, विटारा ब्रेज़ा कार–1, सिम कार्ड–27 व वोटर आईडी–2, आदि बरामद।

• दिनांक 13.10.2019 : महराजगंज में नकली डीज़ल फैक्ट्री संचालित करते अभियुक्त गिरफ्तार, 237 ड्रम में लगभग 40 हजार लीटर नकली डीज़ल व केरोसिन बरामद तथा गाजीपुर में 8 चेन स्नेचर गिरफ्तार, 3 चेन, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

• दिनांक 11.10.2019 : बरेली से 2 चोर मय लगभग रु. 40 लाख के सोने के जेवर गिरफ्तार।

• दिनांक 09.10.2019 : बागपत में बैंक लूट के अभियुक्त से रु. 4,03,000.00 की नकदी बरामद।

• दिनांक 08.10.2019 : फतेहगढ़ में 4 लुटेरे मय रु. 4लाख के आभूषण, आग्नेयास्त्र, गिरफ्तार।

• दिनांक 06.10.2019 : बरेली से 7 लुटेरे मय, नकदी, आग्नेयास्त्र, वाहन, गिरफ्तार तथा एटा से 5 चोर मय 2 कुन्तल बिजली तार, आग्नेयास्त्र, गिरफ्तार।

• दिनांक 05.10.2019 : वाराणसी से 4 चोर गिरफ्तार, चोरी के लगभग रु. 10 लाख के सोने/चाँदी के जेवर, रु. 2 लाख नकद, बरामद; सम्भल में एटीएम लॉक तोड़कर चोरी करने वाले 5 अभियुक्त गिरफ्तार, रु. 6,76,500.00 नकद, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद तथा अमेठी से 4 लुटेरे गिरफ्तार, नकदी, आग्नेयास्त्र, आदि बरामद।

• दिनांक 04.10.2019 : वाराणसी से 2 चोर गिरफ्तार, चोरी के लगभग रु. 5 लाख के सोने/चाँदी के जेवर, रु. 10,020.00 नकद, बरामद।

• दिनांक 03.10.2019 : मथुरा में चोर गिरफ्तार, चोरी के लगभग रु. 80 लाख के सोने–चाँदी के जेवर/बर्तन, रु. 3 लाख नकद, आदि बरामद।

• दिनांक 02.10.2019 : मेरठ में मोबाईल लूट/चोरी के 7 अन्तर्राष्ट्रीय अपराधी गिरफ्तार, लगभग रु. एक करोड़ के 280 मोबाईल, 6 लैपटॉप, 1 टैब, आग्नेयास्त्र, वाहन, आदि बरामद।

## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस.

• दिनांक 11.10.2019 : विदेशों से अवैध धन मँगाकर आतंकवादी गतिविधियाँ संचालित करने वाले 4 अभियुक्त मय रु. 6,10,000.00 नकद खीरी से गिरफ्तार।

### एस.टी.एफ.

#### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| | | | 15.10.19 | मथुरा | 01 |
| 22.10.19 | प्रतापगढ़ | 01 | 05.10.19 | मऊ | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 19.10.19 | लखनऊ | 01 | 08.10.19 | प्रतापगढ़ | 01 |

#### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ (गाँजा) | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 31.10.19 | आजमगढ़ | –– | 1260 कि.ग्रा.गाँजा | 3.50करोड़ | 02 |
| 27.10.19 | सीतापुर | 270 | –– | 30 लाख | 02 |
| 26.10.19 | कानपुरनगर | –– | 750 कि.ग्रा. गाँजा | 38 लाख | 02 |
| 26.10.19 | मऊ | –– | 99 कि.ग्रा. गाँजा | 5 लाख | 01 |
| 14.10.19 | रायबरेली | 1160 | –– | 60 लाख | 01 |

• दिनांक 31.10.2019 : आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, मुम्बई में डकैती डालने वाले 3 डकैत गोरखपुर से गिरफ्तार।

• दिनांक 21.10.2019 : अन्तर्राज्यीय 5 असलहा तस्कर मय 23 पिस्टल हरदोई से गिरफ्तार।

• दिनांक 19.10.2019 : आकाशीय बिजली को अष्टधातु पर गिराकर न्यूक्लियर पावर में परिवर्तित करने का दावा कर हजारों करोड़ में बेचने का झांसा देकर सेना के रिटायर्ड जवान से रु. 52 लाख ठगी करने वाला मास्टरमाइण्ड लखनऊ से गिरफ्तार।

• दिनांक 14.10.2019 : दिनांक 20.05.2014 से हरदोई से गायब युवती सीतापुर से बरामद।

• दिनांक 07.10.2019 : बुलन्दशहर में जमीनी विवाद में पैथोलाजी लैब के स्वामी एवं व्यवसायी की हत्या, भाड़े के शूटरों से कराये जाने की घटना को अन्जाम देने की तैयारी कर रहे 3 बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार।

• दिनांक 05.10.2019 : मऊ में पेट्रोल पम्प मालिक की हत्या कर रु. 19 लाख की लूट तथा गोरखपुर में हत्याभियोग में वांछित रु. 50,000.00 का इनामी अपराधी मऊ से गिरफ्तार।

## जनपदीय पुलिस

#### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी | दिनांक | जनपद/प्रदेश | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| इनाम (रु.) : 1,50,000.00 | | | इनाम (रु.) : 75,000.00 | | |
| 10.10.19 | आजमगढ़ | 01 मृत्यु | 19.10.19 | मेरठ | 01 मृत्यु |
| इनाम (रु.) : 50,000.00 | | | | | |
| | | | 08.10.19 | चित्रकूट | 01 |
| 25.10.19 | वाराणसी | 01 | 08.10.19 | जालौन | 01 |
| 16.10.19 | गाजीपुर | 02 | 05.10.19 | जौनपुर | 01 |
| 15.10.19 | हरदोई | 01 | 03.10.19 | मेरठ | 01 |
| इनाम (रु.) : 40,000.00 | | | | | |
| | | | 04.10.19 | शामली | 01 |
| इनाम (रु.) : 25,000.00 | | | | | |
| 31.10.19 | बुलन्दशहर | 01 | 10.10.19 | बाराबंकी | 03 |
| 30.10.19 | गाज़ियाबाद | 02 | 09.10.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 29.10.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 08.10.19 | गोरखपुर | 01 |
| 29.10.19 | गौतमबुद्धनगर | 02 | 07.10.19 | बरेली | 03 |
| 24.10.19 | गाज़ियाबाद | 02 | 06.10.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 21.10.19 | महोबा | 01 | 06.10.19 | बाराबंकी | 01 |
| 21.10.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 | 05.10.19 | गौतमबुद्धनगर | 02 |
| 20.10.19 | गाज़ियाबाद | 02 | 05.10.19 | बाराबंकी | 02 |
| 18.10.19 | मिर्जापुर | 02 | 04.10.19 | प्रतापगढ़ | 01 |
| 17.10.19 | फतेहगढ़ | 01 | 04.10.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 16.10.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 03.10.19 | मेरठ | 03 |
| 15.10.19 | मथुरा | 02 | 03.10.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 14.10.19 | मथुरा | 01 | 03.10.19 | प्रतापगढ़ | 02 |
| 13.10.19 | कानपुरनगर | 01 | 02.10.19 | मथुरा | 01 |
| 12.10.19 | गौतमबुद्धनगर | 01 | 02.10.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| 11.10.19 | बागपत | 01 | 01.10.19 | मथुरा | 01 |
| 11.10.19 | एटा | 01 | 01.10.19 | मेरठ | 02 |
| 11.10.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 01.10.19 | बाराबंकी | 01 |
| इनाम (रु.) : 20,000.00 | | | | | |
| | | | 15.10.19 | बाराबंकी | 01 |
| 24.10.19 | बुलन्दशहर | 01 | 13.10.19 | बरेली | 01 |
| 20.10.19 | अमेठी | 01 | 12.10.19 | कौशाम्बी | 01 |
| 18.10.19 | बाराबंकी | 02 | 03.10.19 | शामली | 01 |
| 16.10.19 | बदायूँ | 01 | 02.10.19 | अम्बेडकरनगर | 02 |
| इनाम (रु.) : 15,000.00 | | | | | |
| | | | 07.10.19 | सम्भल | 02 |
| 31.10.19 | मथुरा | 01 | 05.10.19 | फतेहगढ़ | 01 |
| 24.10.19 | एटा | 01 | 03.10.19 | बाराबंकी | 01 |
| 20.10.19 | मथुरा | 02 | 03.10.19 | गाजीपुर | 01 |
| 18.10.19 | गोरखपुर | 01 | 03.10.19 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 14.10.19 | कुशीनगर | 01 | 02.10.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| 07.10.19 | रायबरेली | 02 | 30.09.19 | बुलन्दशहर | 01 |
| इनाम (रु.) : 10,000.00 | | | | | |
| 31.10.19 | बुलन्दशहर | 01 | 18.10.19 | बागपत | 01 |
| 25.10.19 | खीरी | 01 | 16.10.19 | मुज़फ्फरनगर | 01 |
| 25.10.19 | मथुरा | 01 | 12.10.19 | गोरखपुर | 01 |
| 23.10.19 | गाज़ियाबाद | 01 | 11.10.19 | एटा | 01 |
| 22.10.19 | गाज़ियाबाद | 02 | 11.10.19 | अम्बेडकरनगर | 01 |
| 20.10.19 | देवरिया | 01 | 06.10.19 | चित्रकूट | 01 |
| 18.10.19 | एटा | 01 | 04.10.19 | अमेठी | 01 |

### शराब/मादक पदार्थों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | शराब (पेटी) | मादक पदार्थ | सम्भावित मूल्य | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 31.10.19 | सहारनपुर | 605 | –– | 40 लाख | 02 |
| 30.10.19 | बाराबंकी | –– | 230ग्रा. मॉर्फीन | 70 लाख | 01 |
| 30.10.19 | जालौन | –– | 380ग्रा. स्मैक | 8 लाख | 03 |
| 28.10.19 | वाराणसी | –– | 542ग्रा. हेरोईन | 2.5करोड़ | 02 |
| 24.10.19 | बाराबंकी | –– | 450ग्रा. मॉर्फीन | 35 लाख | 01 |
| 23.10.19 | अमेठी | –– | 451ग्रा. मॉर्फीन | 115 लाख | 04 |
| 22.10.19 | बाराबंकी | –– | 100ग्रा. मॉर्फीन | 30 लाख | 02 |
| 16.10.19 | खीरी | –– | ब्राउन शुगर | 20 लाख | 02 |
| 15.10.19 | गाज़ियाबाद | 1000 | –– | 60 लाख | 01 |
| 15.10.19 | शामली | 185 | –– | 20 लाख | 03 |
| 13.10.19 | अम्बेडकरनगर | –– | 1क्विंटल गाँजा | –– | 02 |
| 13.10.19 | मेरठ | 3200ली. | –– | –– | 06 |
| 12.10.19 | सहारनपुर | 700 | –– | 60 लाख | 02 |
| 12.10.19 | देवरिया | 870 | –– | 82 लाख | 02 |
| 12.10.19 | बाराबंकी | –– | मॉर्फीन | 90 लाख | 01 |
| 09.10.19 | एटा | 185 | –– | –– | 01 |
| 05.10.19 | बस्ती | स्प्रिट | –– | 25 लाख | 04 |
| 01.10.19 | बाराबंकी | –– | 70ग्रा. मॉर्फीन | 24 लाख | 01 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद एटा, झाँसी, कानपुरदेहात, जीआरपी जौनपुर, गाज़ियाबाद, बरेली, कानपुरनगर, गौतमबुद्धनगर, मुज़फ्फरनगर, सहारनपुर, आजमगढ़, बुलन्दशहर, देवरिया, गाजीपुर, कुशीनगर, सम्भल, वाराणसी, कौशाम्बी, बदायूँ, उन्नाव, अम्बेडकरनगर, बागपत, हरदोई, मऊ, संतकबीरनगर, इटावा, हरदोई, रायबरेली, गोण्डा, इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

### अवैध अस्त्र/शस्त्रों की बरामदगी

| दिनांक | जनपद | अस्त्र/शस्त्र | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 23.10.19 | फतेहगढ़ | 21 बन्दूक/रायफल/तमंचे, आदि | 03 |
| 12.10.19 | हरदोई | 8तमंचे, आदि | 01 |
| 10.10.19 | फर्रुखाबाद | 10तमंचे, आदि | 02 |
| 06.10.19 | मुज़फ्फरनगर | 8तमंचे, आदि | 02 |
| 04.10.19 | मेरठ | 8तमंचे, आदि | 02 |

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालाध्यक्ष, एडीजी, ज़ोन, आईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न डीजी परिपत्रों द्वारा निर्देश निर्गत किये हैं–

1) संख्या–48/2019 दिनांक 06.10.2019 : प्रदेश में साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर नियंत्रण हेतु थाना/जनपद/ज़ोन एवं मुख्यालय स्तर पर साइबर सेल के गठन हेतु,

2) संख्या–47/2019 दिनांक 03.10.2019 : The Prohibition of Electronic Cigarettes (Production, Manufacture, Import, Export, Transport, Sale, Distribution, Storage and Advertisement) Ordinance, 2019 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में, एवं

3) संख्या–46/2019 दिनांक 01.10..2019 : पिता–माता या उसकी देख–रेख करने वाले व्यक्ति द्वारा 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे/शिशु के परित्याग के रोकथाम के सम्बन्ध में।

## अन्य निर्देश

- दिनांक 30.10.2019 : छठ पूजा का पर्व सकुशल सम्पन्न कराने एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी का जन्म दिवस 31 अक्टूबर 2019 को ''राष्ट्रीय अखण्डता दिवस'' के रुप में मनाये जाने के निर्देश।
- दिनांक 24.10.2019 : सोशल मीडिया में भड़काऊ एवं आपत्तिजनक पोस्ट की प्रभावी रोकथाम हेतु निर्देश।
- दिनांक 23.10.2019 : दिनांक 25.10.2019 को धनतेरस पर पैदल गश्त के निर्देश।
- दिनांक 22.10.2019 : धनतेरस (दिनांक 25.10.2019) एवं दीपावली (दिनांक 27.10.2019) त्यौहार सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देश।
- दिनांक 14.10.2019 : उ.प्र. शासन के निर्देशों के क्रम में विशेष सड़क सुरक्षा सप्ताह द्वितीय (दिनांक 14.10.2019 से 20.10.2019 तक) को सफलतापूर्वक एवं प्रभावी ढंग से मनाये जाने हेतु सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर निर्धारित कार्यक्रमों के अनुरुप कार्यवाही के निर्देश।
- दिनांक 11.10.2019 : दिनांक 13.10.2019 को महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर समुचित सुरक्षा/पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश।
- दिनांक 01.10.2019 : प्रदेश में अवैध रूप से आवासित बांग्लादेशी/अन्य विदेशी नागरिकों का सत्यापन कराकर विधिसम्मत कार्यवाही के निर्देश ।
- दिनांक 01.10.2019 : पुलिस विभाग के सभी परिसरों एवं कार्यालय में प्लास्टिक एवं पॉलीथीन के उपयोग पर अंकुश लगाने सम्बन्धी निर्देश।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा दिये गये निर्देश

- दिनांक 26.10.2019 : प्रयागराज एवं वाराणसी ज़ोन के एडीजी, आईजी, एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद के साथ विगत माह में घटित घटनाओं के परिपेक्ष्य में समीक्षा।

## सोशल मीडिया के माध्यम से साम्प्रदायिक सद्भाव को भंग करने की चेष्टा करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही

- दिनांक 22.10.2019 : साम्प्रदायिक सद्भाव भंग करने की चेष्टा करने वालों के विरुद्ध 32 अभियोग पंजीकृत व 178 एकाउन्ट्स/पेज को रिपोर्ट/ब्लॉक कराने की कार्यवाही की गयी।

### अभियान : पॉक्सो एक्ट अभियोगों में मा. न्यायालय से सजा

- श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के पॉक्सो एक्ट अभियोगों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा ज़ोनल/परिक्षेत्रीय/जनपदीय पुलिस की समीक्षा एवं अनुश्रवण कर प्रभावी पैरवी करायी गयी फलस्वरुप अभियुक्तों को मा. न्यायालय द्वारा शीघ्र सजा व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

| दिनांक 01.01.2019 से 31.08.2019 तक | मा. न्यायालय द्वारा निस्तारित कुल वाद | सजा | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल वाद | मृत्यु दण्ड | आजीवन कारावास | अन्य सजा |
| | 1706 | 412 | 0 | 52 | 360 |

| | |
|---|---|
| दिनांक 01.01.2019 से 30.09.2019 तक | 3 हजार अभियोगों में से 2,441 में 60 दिन में विवेचना पूर्ण (82.12 प्रतिशत पूर्ण) |
| औरैया | 9 दिन में अभियुक्त को आजीवन कारावास व रु. 2 लाख अर्थदण्ड |
| सम्भल, शामली, बुलन्दशहर, मऊ, बलिया,सुलतानपुर | 15 दिन में विवेचना पूर्ण कर मा. न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित |
| कानपुर नगर | 23 दिन में विवेचना पूर्ण, अभियुक्त को मा. न्यायालय से आजीवन कारावास |

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण

- आईआईटी, कानपुर का भ्रमण : दिनांक 17.10.2019 : दिनांक 10.07.2019 को हस्ताक्षरित एमओयू के सापेक्ष अनुसंधान कार्यों की समीक्षा हेतु आईआईटी, कानपुर का भ्रमण व निदेशक से चर्चा की।
- अयोध्या भ्रमण : दिनांक 15.10.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने श्री राजेन्द्र कुमार तिवारी, मुख्य सचिव, उ.प्र. शासन एवं श्री अवनीश अवस्थी, अपर मुख्य सचिव, गृह, उ.प्र. शासन के साथ संयुक्त रूप से अयोध्या भ्रमण कर दीपावली पर प्रस्तावित दीपोत्सव कार्यक्रम–2019 की तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में दीपोत्सव स्थल, राम की पैड़ी, राम कथा पार्क, तुलसी स्मारक भवन एवं मानस भवन आदि का भ्रमण एवं निरीक्षण किया तथा कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान ज़ोन, परिक्षेत्र एवं जनपद के पुलिस/प्रशासनिक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




## विविध

- सेवानिवृत्ति : दिनांक 31.10.2019 : श्री जोखन राकेश, पुलिस उपाधीक्षक, महिला सम्मान प्रकोष्ठ व श्री राम लखन सिंह, उपनिरीक्षक, नियंत्रण कक्ष को ससम्मान विदाई दी गयी।
- ''रन फार यूनिटी'' एवं ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' : दिनांक 31.10.2019 : मा. मुख्य मंत्री, उ.प्र., श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना की गयी ''रन फार यूनिटी'' में श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के नेतृत्व में पुलिस दल ने भाग लिया तथा पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर पर श्री सिंह ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर अधिकारियों/कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी।




• <u>68वीं उ.प्र. पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का समापन</u> : दिनांक 25.10.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 35वीं वाहिनी पीएसी में प्रतियोगिताओं का समापन किया। 13 ज़ोन के 735 महिला/पुरुष खिलाड़ियों ने पुरुष की 23 व महिला की 21 स्पर्धाओं में भाग लिया। बरेली ज़ोन की महिला टीम ने 118 अंक व पीएसी मध्य ज़ोन की पुरुष टीम ने 108 अंक अर्जित कर चल वैजयन्ती प्राप्त की।



• <u>धनतेरस/दीपावली पर सर्राफा बाजार, चौक में भ्रमण</u>: दिनांक 24.10.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने लखनऊ के चौक स्थित सर्राफा बाजार का भ्रमण कर व्यापारियों से वार्ता व सुरक्षा–व्यवस्था का जायजा लिया।




• <u>पुलिस पेंशनर्स की खेल-कूद प्रतियोगिताएँ</u> : दिनांक 21.10.2019 : 35वीं वाहिनी, पीएसी में सम्पन्न हुईं।



• <u>सोशल मीडिया फैक्ट-चेक प्रशिक्षण कार्यशाला</u> : दिनांक 18.10.2019 : यूपी 100 पर सम्पन्न कार्यशाला में 102 कार्मिक लाभान्वित हुए।

• <u>अपराध, कानून व्यवस्था एवं पुलिस प्रबन्धन सम्बन्धी बैठक</u> : दिनांक 16.10.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त ज़ोनल एडीजी, परिक्षेत्रीय, आईजी के साथ बैठक की।



• <u>उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस (सीधी भर्ती) वर्ष 1970-71 बैच के पीटीसी प्रशिक्षण के 50वें वर्ष में प्रवेश पर आयोजित पुर्नमिलन समारोह</u> : दिनांक 12.10.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने रेडियो मुख्यालय के सभागार में आयोजित पुर्नमिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेकर तत्समय प्रशिक्षणाधीन; आईपीएस, श्री जंगी सिंह, पीपीएस, श्री ओ.पी. त्रिपाठी, श्री एस.के. सक्सेना तथा तत्समय के प्रशिक्षक एसआई ए.पी., श्री वी.एम. उपाध्याय व श्री ओ.पी. सिंह को सम्मानित किया। श्री सिंह ने कहा कि जो नींव आपके द्वारा तैयार की गयी है, उसी नींव पर अनुभवों से नई परम्परा के साथ व्यवसायिक दक्षता बढ़ानी है। आपके प्रैक्टिकल ट्रेनिंग एवं अनुभव प्रदेश पुलिस को और अधिक आगे बढ़ाने में सहायक सिद्व होंगे। वर्तमान में यूपी 100 एक उपलब्धि है। हम सभी आपके साथ, आपके अनुभवों के साथ कम्युनिटी पुलिसिंग में निरन्तर आगे बढ़ेंगे। सेवानिवृत्त साथी हमारे ब्रांड एम्बेसडर हैं। वर्ष 1970–71 बैच की दूरभाष दिग्दर्शिका का विमोचन भी किया। वर्ष 1970–71 बैच के 171 में से 87 अधिकारियों ने समारोह में भाग लिया। बैच को 10 गैलेन्ट्री मेडल, 2 गैलेन्ट्री अवार्ड, 2 अतिविशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक, 6 दीर्घकालीन सेवाओं के लिए पुलिस पदक, 1 जीवन रक्षा पदक, 1 राज्यपाल का प्रशस्ति पत्र सहित पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के 2 सम्मान चिन्ह प्राप्त हुए हैं।



• <u>विश्व आर्थराइटिस दिवस पर रैली</u> : दिनांक 12.10.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने प्रातः लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ जागरुकता साइकिल रैली में प्रतिभाग कर जनसामान्य को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने एवं आर्थराइटिस से बचाव का संदेश दिया।



• <u>पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह</u>: दिनांक 11.10.2019 : श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने पुलिस मुख्यालय के अवनि प्रेक्षागृह में पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस 2019 पर स्वीकृत पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के प्रशंसा चिन्ह प्लेटिनम–5, गोल्ड–20 व सिल्वर–81 प्रदान किये।



• <u>150वीं गाँन्धी जयन्ती पर कार्यक्रम</u> : दिनांक 02.10.2019 : राष्ट्रपिता महात्मा गाँन्धी जी की 150वीं जयन्ती पर श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. व अन्य ने गाँन्धी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर रामधुन एवं गाँन्धी जी के प्रिय भजन गाये गये। श्री सिंह ने सम्बोधन में गाँन्धी जी के सत्य एवं अहिंसा द्वारा विदेशी शासन से मुक्ति पाने तथा गाँन्धी जयन्ती गौरवमय राष्ट्रीय पर्व होने का उल्लेख किया। गाँन्धी जी जैसा आध्यात्मिक, सामाजिक चरित्र विश्व इतिहास में मिलना दुर्लभ होने तथा शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो, जो उनसे अछूता रहा हो, जिसे उन्होंने अपनी क्षमता से समृद्ध न किया हो, का भी जिक्र किया। गाँन्धी जी के सिद्धान्त आज भी उतने ही प्रासंगिक होने, उन्हीं के सिद्धांतों पर चलकर जनता के प्रति विश्वसनीयता कायम कर सकने, जनता का पूर्ण विश्वास अर्जित करना ही गाँन्धी जी की पूर्ण स्वराज्य की कल्पना साकार होने को स्पष्ट किया। गाँन्धी जी के स्वच्छता पर बल देने, सामाजिक बुराईयों, साम्प्रदायिकता, नशाखोरी, जातिवाद के खिलाफ आवाज उठाने और अपने त्याग से उसको दूर करने, जीवन में अनुशासन एवं आत्मिक शुद्धता के प्रयोगकर्ता, के विचारों को आगे बढ़ाते हुए प्लास्टिक के उपयोग का यथा सम्भव त्याग और ग्रामोद्योग एवं वातावरणग्राही वस्तुओं के उपयोग पर श्री सिंह ने बल दिया। मुख्यालय के 14 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को श्री सिंह ने उपहार दिये।



• श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक उ.प्र., श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्षा वामा सारथी/उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, पुलिस अधिकारियों तथा वामा सारक्षी सदस्याओं ने गोल्फ क्लब चौराहे से महात्मा गाँन्धी प्रतिमा, हजरतगंज, जी.पी.ओ. तक पदयात्रा कर गाँन्धी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रिज़र्व पुलिस लाइन, लखनऊ में आयोजित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण–पत्र व पुरस्कार दिये।




• <u>ग्राम सेवा कार्यक्रम</u> : दिनांक 01.10.2019 : श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्षा वामा सारथी/उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन ने गाँन्धी जी की 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में मोहनलालगंज तहसील के सिसेन्डी ग्राम में आयोजित ग्राम सेवा कार्यक्रम में ग्रामवासियों, महिलाओं व बच्चों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारे में जागरुक किया गया तथा बुजुर्गों, असहाय एवं दिव्यांगजनों को खेस (कम्बल) व एक–एक पौधा वितरित किया। अध्यक्षा, वामा सारथी व सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। अध्यक्षा, वामा सारथी ने महिलाओं को अपने अधिकार समझने, स्वयं को कमजोर न समझने का उल्लेख करते हुए कहा कि महिला परिवार की बहुत बड़ी सहारा है वह आगे बढ़ेगी तो समाज आगे बढ़ेगा।



• <u>यूपी 100 पर प्रशिक्षण</u> : दिनांक 30.10.2019 : यूपी 100 पर 104 अप्रशिक्षित पीआरवी कमाण्डर/सबकमाण्डर का 18 दिवसीय चतुर्थ सर्टीफिकेशन कोर्स मुख्य अतिथि, श्री ए. पलनिवेल, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक व विशिष्ट अतिथि, श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

निर्देशन : श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ ऑफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री श्रीश्चन्द्र, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण : प्रतियाँ–3500